p>

Title: Request to increase the annual MPLAD fund fixed 9 years before from 5 Crore to 50 Crore.

SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD): Sir, it is for the first time that I wish to speak in Hindi.

महोदय, हर लोक सभा संसदीय क्षेत्र में रहने वाले 20 लाख से अधिक लोगों की तरफ से विकास को लेकर बहुत-सी माँगें आती हैं । हर सांसद को साल में विकास कार्यों के लिए एमपीलैड फंड से पाँच करोड़ रुपये उपलब्ध होते हैं । जबकि केरल में प्रत्येक एमएलए को एक करोड़ रुपये एमएलए फंड और पाँच करोड़ रुपये एसेट डेवलपमेंट फंड को मिलाकर कुल छः करोड़ रुपये हर साल खर्च करने का अधिकार है । वहाँ एक संसदीय क्षेत्र में सात एमएलएज हैं, जो एक साल में 42 करोड़ रुपये खर्च करते हैं । लेकिन इतने बड़े क्षेत्र में एक एम.पी. को सिर्फ पाँच करोड़ रुपये ही विकास कार्यों को कराने के लिए मिलते हैं । यह राशि अपर्याप्त है । इसके कारण एम.पी. विकास कार्यों को कराने में अपने को असमर्थ पाता है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि नौ साल पहले तय की हुई एमपीलैड फंड को बढ़ाकर सालाना कम से कम 50 करोड़ रुपये की जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस. को श्री वी.के. श्रीकंदन द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।